# REPUBLIC DAY PARADE

35 NCC cadets participated in

Sub-Division level Republic day parade held at Govt. College Badli two Girls Cadets pilot the chief guest and 33 Cadets participated in March Past. Senior under officer Kashis lead the platoon. Our team got 2nd position in March Past.

गणतंत्र दिवस समारोह • बादली में जिप चेयरमैन ने फहराया तिरंगा व परेड की सलामी ली

## वीरांगनाओं, शौर्य विजेताओं व उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

बादली | जिला परिषद चेयरमैन कप्तान बिरधाना ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर बादली में आयोजित उपमंडल स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, परेड की सलामी ली, स्वतंत्रता सेनानियों की वीरांगनाओं, शौर्य पदक विजेताओं, युद्ध वीरांगनाओं और उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया। इस अवसर पर एसडीएम रविंद्र कुमार, डीएसपी भूपेन्द्र सिंह, तहसीलदार शिखा, बीडीपीओ युद्धवीर सिंह, ब्लॉक समिति चेयरमैन निर्मला देवी, भाजपा राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ के कार्यालय सचिव नरेंद्र जाखड़, जोगेंद्र माछरोली, संदीप सौंधी, मनीष बंसल, जेजेपी के युवा नेता प्रीतम कुकड़ौला, अमित प्रधान बादली, तेजपाल ठेकेदार बादली, नीटू आनंद ठेकेदार सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



बादली में परेड में हिस्सा लेने वाले बादली महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व अन्य अधिकारी।

B Certificate exam

13 cadets of G.C. Badli appeared in B certificate exam held at KLP College ~~on~~ Rewari on 9-10 March 2024.

SPECIAL NATIONAL INTREGATION CAMP (NER)

JORHAT
2024

This is to certify that No. HR21/SDA/260896 Rank SUO

Name ANKIT S/o / D/o

NCC Directorate PH HP & C Unit 8 HR BN NCC REWARI

of Govt. COLLEGE BADLI Institution participated in "Special National Intregation Camp, (NER)" held at Assam Agricultural University, Jorhat wef 01 Feb to 12 Feb 2024

S N I C (NER) JORHAT 2024

Dated:

Place : Jorhat

(Ritesh Bahl)
Brig.

# BLOOD DONATION CAMP

Blood Donation Camp was organised in Govt. College Badli with the help of AIIMS Badsa ANO and 20 cadets of NCC Govt. College Badli Donated the Blood in the Camp. total 63 Unit Blood collected in the Camp. NCC cadets provide a lot of help in organising the Blood Donation Camp. Camp was organised on 09 April 2024.

## बादली कॉलेज में 63 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में नववर्ष प्रतिपदा के अवसर पर हवन करवाया गया। हवन के उपरांत रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस कैंप में 63 यूनिट रक्त संचय हुआ। एसडीएम सतीश यादव ने भी रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए प्रोत्साहित किया। साथ ही लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

बता दें कि राजकीय कन्या विद्यालय जहांगीरपुर के प्राचार्य कृष्ण द्वारा हवन किया गया। यूथ रेडक्रॉस प्रभारी नवीन कुमारी की देखरेख में आयोजित शिविर में युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्राचार्य आनंद कादयान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ होशियार सिंह व दयानंद ठेकेदार आदि ने किया। राष्ट्रीय कैंसर संस्थान बाढ़सा के डॉ. प्रवीण कुमार, शिवाजी जोश्व, प्रदीप कुमार, ताराचंद यादव, हरिओम, विपिन गौतम, गोपाल कौशिक, नवीन काजला, विक्रम और महताब ने शिविर में सेवाएं प्रदान की। शिविर में 63 लोगों ने रक्तदान किया। कैंप में प्राचार्य आनंद कादयान, डॉ. विजय सिंह, डॉ. मंजीत सिंह, रवींद्र, सुभाष, मंजीत, रमेश, अमित, रमेश डागर, योगेश, शर्मिला, डॉ. उर्मिला, निशा, डॉ. नवीन, डॉ. सुनैना, डॉ. समता व आशा आदि स्टाफ सदस्यों ने भी रक्तदान किया। एसडीएम सतीश यादव के साथ जीते ठेकेदार ने भी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया।



बहादुरगढ़। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते एसडीएम सतीश यादव व अन्य। फोटो : हरिभूमि

VISIT OF C.O.

Colonel Sombir Dabas Commanding officer 8th HR BN NCC Rewari visited Govt. College Badli on 24.04.2024. to inspect the facilities ~~of~~ in the college. SM Satish Kumar, Sub. Debu Ram and Hav. Charan Singh accompny the Commanding officer. Principal and ANO Major Anand Kadian welcomed the Guests along with staff members.

Colonel Dabas address the cadets and motivate them to participate in NCC Activities more actively. Cadets asks Questions to CO Sir about their future plans and Carries related issues.

एनसीसी अधिकारियों ने बादली कॉलेज में एनसीसी सुविधाओं का किया निरीक्षण

# कैडेट्स से बातचीत कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं व परेशानियों के बारे में जाना

भास्कर न्यूज | बादली



एनसीसी कैडेट्स, प्राचार्य आनंद कादयान व स्टाफ सदस्यों के साथ 8वीं हरियाणा बटालियन के एनसीसी अधिकारी।

कर्नल सोमबीर डबास कमांडर 8वीं हरियाणा बटालियन एनसीसी रेवाड़ी ने राजकीय कॉलेज बादली में एनसीसी कंपनी कॉलेज निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को मिलने वाली सुविधाओं का निरीक्षण किया। कैडेट्स से बातचीत कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं व परेशानियों के बारे में जाने। कॉलेज में पहुंचने पर कर्नल सोमबीर डबास का कॉलेज प्रिंसिपल मेजर आनंद कादयान ने कमांडर का स्टाफ सदस्यों के साथ स्वागत किया। कर्नल सोमबीर डबास के साथ इस मौके पर सूबेदार मेजर सतीश कुमार, सूबेदार देवू राम व हवलदार चरण सिंह भी कॉलेज में पहुंचे। कर्नल सोमबीर डबास ने कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स को मिलने वाली सुविधाओं का निरीक्षण किया। एनसीसी कैडेट्स को संबोधित किया। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को संबोधन में समझाया कि यदि व्यवस्थित तरीके से मेहनत कि जाए तो हम अपनी मनचाही सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कैडेट निधि, अंकित, दीपिका, शीनू, वंशिका, निम्मी, मुस्कान, खुशी गुलिया व अन्य एनसीसी कैडेट्स ने कमांडर सोमबीर डबास से अनेकों प्रश्न कर अपनी कैरियर सम्बन्धित तैयारी के लिए टिप्स ली। इस मौके पर प्राचार्य मेजर आनंद कादयान ने भी एनसीसी कैडेट्स को संबोधित किया और एनसीसी ट्रेनिंग के दौरान मिलने वाली महत्वपूर्ण जानकारियों को याद रखने और उन पर अमल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कैडेट्स मानसी एवं आरती ने पायलेट के तौर पर कर्नल सोमबीर डबास का मार्गदर्शन किया। कर्नल डबास के महाविद्यालय में आने पर एनसीसी कैडेट्स व अन्य में उत्साह का माहौल रहा। उप प्राचार्य पूनम, भूगोल विभाग की अध्यक्षा निशा कौशिक व अन्य स्टाफ सदस्यों ने इस निरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग किया।

# अधिकारियों ने एनसीसी कंपनी का निरीक्षण किया

## कमांडर डबास का किया स्वागत



बहादुरगढ़। एनसीसी अधिकारियों के साथ कैडेट्स।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आठवीं हरियाणा बटालियन (एनसीसी रेवाड़ी) के कमांडर कर्नल सोमवीर डबास ने बुधवार को राजकीय कॉलेज बादली की एनसीसी कंपनी का निरीक्षण किया। कॉलेज आगमन पर प्रिंसिपल मेजर आनंद कादयान ने कमांडर डबास का स्टाफ सदस्यों के साथ स्वागत किया। उनके साथ सूबेदार मेजर सतीश कुमार, सुबेदार डेबूराम व हवलदार चरण सिंह भी रहे।

कर्नल सोमबीर डबास ने कॉलेज में एनसीसी सुविधाओं का निरीक्षण किया, साथ ही कैडेट्स को संबोधित किया। उन्होंने कैडेट्स को समझाया कि यदि व्यवस्थित तरीके से मेहनत कि जाए तो हम अपनी मनचाही सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने भारतीय सेना में उपलब्ध अवसरों की जानकारी कैडेट्स को प्रदान की। उन्होंने कैडेट्स से संवाद कर उनके सामान्य ज्ञान की परख की व उन्हें सफलता के लिए जरूरी कदमों की जानकारी दी। कैडेट निधि, अंकित, दीपिका, शीनू, कशिश, निम्मी, मुस्कान, हन्नी आदि ने कमांडर से प्रश्न कर अपनी करियर संबंधित तैयारी के लिए टिप्स ली। इस अवसर पर कैडेट मानसी व आरती ने पायलेट के तौर पर कर्नल सोमबीर डबास का मार्गदर्शन किया।

- यदि व्यवस्थित तरीके से मेहनत कि जाए तो हम अपनी मनचाही सफलता प्राप्त कर सकते : डबास


कर्नल डबास के महाविद्यालय में आने पर महाविद्यालय में उत्साह का माहौल रहा। उप प्राचार्या पूनम, भूगोल विभाग की अध्यक्षा निशा मलिक व अन्य स्टाफ सदस्यों ने इस निरीक्षण को सफल बनाने में बहुमूल्य योगदान दिया।



# WORLD PAPER BAG DAY

On 12 July 2024 NCC Cadets of Govt. College Badli participated in World paper Bag Day and made papers bags to save the environment and save the earth. The Day was organized with the help of 8 HR BN NCC Rewari. Hav. Sharvan visited the college and motivate the cadets to use the paper bags and save the earth.

## राजकीय कॉलेज में एनसीसी बटालियन ने कागज के बने बैग का इस्तेमाल कर पर्यावरण को सुरक्षित करने का दिया संदेश



बादली | राजकीय महाविद्यालय बादली में एनसीसी कैडेट्स ने विश्व कागज बैग दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्लास्टिक का इस्तेमाल खत्म करने व कागज के बने बैग का इस्तेमाल बढ़ाकर पर्यावरण को सुरक्षित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन 8वीं हरियाणा बटालियन एनसीसी रेवाड़ी के सहयोग से किया गया। प्राचार्य व एनसीसी अधिकारी मेजर आनंद कादयाण ने बच्चों व एनसीसी कैड्रेस को बताया कि वे प्लास्टिक बैग के उपयोग को पहले खुद बंद करें और उसके बाद अपने परिजनों व आसपास के लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर हवलदार श्रवण, एनसीसी सीनियर कशिश, कैडेट मुस्कान, मानसी, चांदनी, हर्षी गुलिया, यश व बड़ी संख्या में स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

INDEPENDENCE DAY —

ON 15 August 2024 the whole Nation celebrate our Independence day Sub Division level programme was organised at Govt. College BADLI 35 Cadets of NCC participated ~~ar~~ in the function. NCC platoon participated and March past. SUO Kashish leed the platoon. Our Platoon got 2nd position after Haryana Police in the March Past.



बहादुरगढ़। समारोह में परेड की सलामी लेते मुख्य अतिथि जसवंत पठानिया।

## बादली में पठानिया ने किया ध्वजारोहण

बहादुरगढ़। बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में 78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। हरियाणा विमुक्त घुमंतु जाति विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन जसवंत पठानिया ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। एसडीएम सतीश यादव और एसीपी प्रदीप कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों की वीरांगनाओं का सम्मान किया। उल्लेखनीय सेवाओं के लिए किक बॉक्सिंग कोच जसवंत सिंह, राष्ट्रीय मेडल विजेता खिलाड़ी मधु कुमारी, साक्षी रानी, रौनक कुमार, दक्ष गुलिया के अलावा अन्य को सम्मानित किया। विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर चेयरपर्सन निर्मला रानी, सुनील गुलिया, तहसीलदार शिखा रानी आदि उपस्थित रहे।

Har Ghar Tiranga

On 12 August 2024 Har Ghar Tiranga Campaign was launched in Govt. College Badli NCC Cadets organized a rally and motivate people to host tricolour at their homes on the occasion of Nations Independence day. Cadets distributed the Flangs in the Shops and Homes.

कॉलेज में हुए कई कार्यक्रम

# विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई

हरिभूमि न्यूज >> बहादुरगढ़

बादली स्थित चौ. धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन प्राचार्य आनंद कादियान की अध्यक्षता में किया गया। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में एसडीएम सतीश यादव द्वारा पौधारोपण किया गया। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई। हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्वयं सेवकों, विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने बादली में तिरंगा यात्रा निकाली। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शत प्रतिशत मतदान के प्रति




बहादुरगढ़। कॉलेज परिसर में स्टॉफ व छात्रों के साथ एसडीएम सतीश यादव। फोटो : हरिभूमि

विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम करवाया गया, जिसमें विद्यार्थियों को महाविद्यालय की दैनिक गतिविधियों, कार्यक्रमों की जानकारी देने के साथ साथ प्राध्यापकों से अवगत करवाया गया। इन कार्यक्रमों में सभी स्टाफ सदस्य व अभिभावक मौजूद रहे।

## कलमवीरों ने काव्य प्रतिभा का किया प्रदर्शन

बहादुरगढ़। अभिव्यक्ति साहित्यिक संस्था का नौवां वार्षिकोत्सव सुरभि साहित्य सदन में समारोहपूर्वक मनाया गया। संस्था की अध्यक्षा मधुबाला लबाना 'मधु' के संयोजन व मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में दूर-दूर से आए कलमवीरों ने अपनी काव्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सऊदी अरब के मशहूर उर्दू शायर अनीस अहमद के सानिध्य में हुए इस काव्योत्सव की अध्यक्षता कलमवीर विचार मंच के संस्थापक कवि कृष्ण गोपाल विद्यार्थी ने की। देर शाम तक चले इस यादगार कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह का

एक पेड़ माँ के नाम

दिनांक 13/8/2024 को राजकीय महाविद्यालय बादली के एन.सी.सी. के कैडेट्स ने प्रधानमंत्री जी की अपील पर 'एक पेड़ माँ के नाम' मुहिम के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय में पेड़ लगाए। पेड़ों का प्रबन्ध महाविद्यालय की तरफ से किया गया। इस अवसर पर एस.डी.एम. बादली श्री सतीश यादव जी ने एक पेड़ लगा कर इस आयोजन की शुरुआत की गई। कैडेट्स ने अन्य विद्यार्थियों को भी घर पर पेड़ लगाने के लिए पेड़ वितरित किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों का भी जोश देखने को मिला।



# ENROLLMENT OF NEW CADETS

On 29 August 2024 an enrollment drill was organised at Govt. College Badli for the Selection of Ist year NCC Cadets.

Army officers from 8th HR BN NCC Rewari came in the college in the leadership of Sub Hanuman Ram and Hav. Sada Savan. Students participated in Physical, Written tests and faced Interview. After the conduct of Exam 25 cadets (09 SW and 16 SD) Selected, students were very happy after their selection.

## कॉलेज में कैडेट्स की भर्ती




बहादुरगढ़। भर्ती के मौके पर मौजूद बटालियन अधिकारी, कॉलेज स्टाफ कैडेट्स व विद्यार्थी।

बहादुरगढ़। राजकीय महाविद्यालय बादली में वीरवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर में कैडेट्स की भर्ती की गई। कैडेट्स की भर्ती के लिए आठवीं हरियाणा बटालियन एनसीसी रेवाड़ी से सूबेदार हनुमान राम, शौर्य चक्र व हवलदार सदासेवन पधारे। महाविद्यालय में भर्ती का नेतृत्व प्राचार्य मेजर आनंद कादयान ने किया। भर्ती के लिए 70 विद्यार्थ उपस्थित थे। विद्यार्थियों के चयन से पहले शारीरिक परीक्षा, लिखित परीक्षा व साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस भर्ती में सहयोग के लिए एनसीसी के वरिष्ठ कैडेट्स सीनियर अंडर आफिसर कशिश व पायल भी उपस्थित रहें।





# ANNUAL PRIZE DISTRIDUTION FUNCTION


Annual Prize Distribution Function of Govt. College Badli was celebrated on 03/12/2024. The chief Guest of the function was Dr. Alka Gulati DHEO and Principal Govt. College for women Bhadurgarh.

In the function 8 NCC cadets were got prizes for their valuables service in NCC their dedication and hard work.



# ARMY ATTACHMENT CAMP

From 18 NOV 2024 to 29 NOV 2024 Army Attachment Camp organised at Air Force Station Ambala. One SW Cadet Shimu Kumari attended the AAC Camp. Her performance in the camp was good. She got a certificate after the successful completion of Army Attachment Camp.



प्रमाण पत्र

CERTIFICATE

नियमित थल सेना, नौसेना तथा वायुसेना को यूनिटों/जलपोतों/स्थापनाओं/ संस्थापनों के साथ रा. कै. को. के कार्मिकों की संलग्नता

ATTACHMENT OF NCC PERSONNEL TO REGULAR ARMY, NAVAL AND AIR FORCE UNITS/SHIPS/ ESTABLISHMENTS/INSTALLATIONS

सं. No. HR22SWA260903 पद Rank Cdt नाम Name Shimu Kumari

यूनिट Unit 8 Har Bn NCC Rewari रा.कै.को. निदेशालय NCC Directorates PHHP & C

of G C Badli महाविद्यालय से College

was attached to Army Attachment Camp (SW) के साथ संलग्न रहा/रही।

से from 18 Nov 2024 तक to 29 Nov 2024

Brig
Group Commander
NCC Group HQ, Rohtak
अपर महानिदेशक, राष्ट्रीय कैडेट कोर/
Addl Director General, National Cadet Corps/
उप-महानिदेशक, राष्ट्रीय कैडेट कोर
Dy. Director General, National Cadet Corps

दिनांक Date 18/01/25

स्थान Place ROHTAK

# REPUBLIC DAY PARADE

Sub Division ~~tehsil~~ level Republic day Function was organised on 26 January 2025 at Govt. College Badli One NCC Platoon participate in the March Past during the function.

SUO KASHISH lead the platoon of NCC Govt. College BADLI. Our platoon won 2nd Prize after Haryana Police in the March Past ~~For~~ chief Guest give winning trophy to Cadets.

## विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति से मोहा सबका मन



बादली| चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि चरखी दादरी के विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने ध्वजारोहण किया। अध्यक्षता बादली एसडीएम सतीश यादव ने की। उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम राजकीय महाविद्यालय में हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने देश भक्ति गीत गाए। एसडीएम ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कन्या राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, डीआरए सीनियर सेकंडरी स्कूल, ऋषिकुल आर्य पब्लिक स्कूल, रणवीर सिंह मॉडल स्कूल और अन्य सरकारी व अन्य निजी विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया।

# BLOOD DONATION CAMP

Blood Donation camp was organised at Govt. College BADLI on 24/3/2025. A Team of AIIMS Badsa arrived at college for Blood Donation Camp. ANO and 15 cadets of NCC Platoon GC BADLI donated Blood and recived certificate. NCC cadets helped in registration, distribution of refreshment to donors and many other ways.

# National Cancer Institute

## Transfusion Medicine & Blood Centre.

LIC. No:- 871-B(H)

NCI25-C03805




*This certificate acknowledges that*

*Mr./Ms.* DR. ANAND KADIAN

*has successfully donated a pint of blood to save at least 3 precious lives and showed us the highest order of altruism. We are so thankful to you for your generous gift of life.*

*On behalf of*

**Prof. Alok Thakar**

Head, National Cancer Institute (NCI-AIIMS), Jhajjar

Date: 24/3/25

# My BHARAT PORTAL

MY BHARAT PORTAL is lauched by the Govt. of Indian for the registration of NCC cadets and students. The moto of Portal is to privide knowledge about various Schemes of Govt. to students/Cadets. 40 students/Cadets of govt. College Badli have registered on My Bharat Portal so far.

MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS

**CERTIFICATE**

OF RECOGNITION

CONGRATULATIONS

*Chandani*

for successfully registering on MY Bharat and taking a stride towards Viksit Bharat

Registration Certificate

2024


NCC


NCC
ENROLLMENT
8 HARYANA BN



योग-संगम
Yoga Sangam
GOVT. COLLEGE, BADLI (JHAJJAR)
NCC/NSS
INTERNATIONAL YOGA DAY
Theme : Yoga For One Earth, One Health
DATE : 21 JUNE, 2025 AT 06:00 AM

# सात कैडेट्स ने जीते मेडल



**बहादुरगढ़।** बादली के चौ. धीरपाल राजकीय महाविद्यालय की 12 एनसीसी कैडेट्स ने रेवाड़ी में हुए वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। यह शिविर 2 से 11 जुलाई तक चला। एनसीसी प्रभारी डॉ मंजीत सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। जिसमें बादली महाविद्यालय की 12 छात्राओं में से 7 ने मेडल जीते। सीनियर ड्रिल प्रतियोगिता में सारिका, सीनियर वॉलीबॉल में मीनू, कैडेट ड्रिल में निम्मी, कैडेट ड्रिल रस्साकशी में तान्या, कविता प्रतियोगिता में लक्ष्मी, रस्साकशी में प्रेरणा और रंगोली प्रतियोगिता में सुहानी ने मेडल जीते। प्राचार्य आनंद काद्याण समेत स्टाफ सदस्यों ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



बहादुरगढ़। तिरंगा यात्रा निकालते बादली कॉलेज के छात्र। फोटो :हरिभूमि

# बादली कॉलेज ने निकाली तिरंगा यात्रा

बहादुरगढ़। बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत दिनांक वीरवार को एनसीसी कैडेट्स द्वारा भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। एएनओ डॉ. मनजीत सिंह की अगुवाई में कुल 35 एनसीसी कैडेट्स ने इसमें भाग लिया। कैडेट्स ने ग्रामीणों को तिरंगे के सम्मान, राष्ट्रप्रेम तथा /"हर घर तिरंगा/" अभियान के महत्त्व के बारे में जागरूक किया।

# बादली कॉलेज में एन.सी.सी. कैडेट्स का चयन

## अभ्यर्थियों की दौड़, शारीरिक परीक्षण, लिखित परीक्षा तथा संवादात्मक प्रक्रिया के आधार पर जांच की गई

**समाचार क्यारी , सुनील कुमार:-**
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादली में एन.सी.सी. कैडेट्स (सीनियर डिवीजन एवं सीनियर विंग) के चयन की प्रक्रिया आज सम्पन्न हुई। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों की दौड़, शारीरिक परीक्षण, लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार लिए गए।




इस चयन प्रक्रिया का संचालन 8 हरियाणा बटालियन, रेवाड़ी की टीम द्वारा किया गया। इसमें सुबेदार सोमवीर, हवलदार सदा सेवन एवं हवलदार संदीप विशेष रूप से उपस्थित रहे। महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य मेजर आनंद कुमार, एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. मंजीत सिंह तथा क्लर्क रमेश कुमार डागर ने चयन प्रक्रिया में सहयोग किया। इस अवसर पर श्री विकास शर्मा, श्रीमती निशा मलिक आदि सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन से विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने एन.सी.सी. में शामिल होकर अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया।

# बादली कॉलेज में हुआ एनसीसी कैडेट्स का चयन, अभ्यर्थियों की दौड़, शारीरिक परीक्षण, लिखित परीक्षा तथा संवादात्मक प्रक्रिया के आधार पर की गई जांच

गुलिया टाइम्स | बादली

चौधरी धीरपाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादली में एनसीसी कैडेट्स सीनियर डिवीजन एवं सीनियर विंग के चयन की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों की दौड़, शारीरिक परीक्षण, लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार लिए गए।

चयन प्रक्रिया का संचालन 8वीं हरियाणा बटालियन रेवाड़ी की टीम द्वारा किया गया। टीम में सुबेदार सोमवीर, हवलदार सदा सेवन एवं हवलदार संदीप विशेष रूप से इस दौरान उपस्थित रहे। महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य मेजर आनंद कुमार, एनसीसी अधिकारी डॉ. मंजीत सिंह तथा क्लर्क रमेश कुमार डागर ने चयन प्रक्रिया में सहयोग किया। इस अवसर पर विकास शर्मा, निशा मलिक व अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे और चयन प्रक्रियां में सहयोग किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन से विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने एनसीसी में शामिल होकर अनुशासन एवं राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया।




बादली राजकीय महाविद्यालय में एनसीसी के लिए चुने गए कैड्ेटस के साथ सेना के अधिकारी, कॉलेज प्राचार्य व अन्य स्टाफ।